**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर -**

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 14(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद- उन्नाव में ऐसे कितने निवासी है जो कि आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के पात्रताधारी हैं, किन्तु उनके अब तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनायें गये है? | आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में कुल 4,05,512 लाभार्थी परिवार के सापेक्ष कुल 17,37,986 निवासी है, जो कि आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के पात्रताधारी है, जिनमें से 2,54,644 परिवार के सापेक्ष कुल 6,23,217 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। इस प्रकार कुल 1,50,868 परिवारों के सापेक्ष कुल 11,14,769 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना शेष है। |
| (ख) उक्त का तहसीलवार संख्यात्मक विवरण क्या है? तथा इन समस्त निवासियों के घरों पर जाकर आयुष्मान कार्ड कब तक बना दिये जायेंगे? | आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत ब्लॉकवार डाटा उपलब्ध है, जिसे समेकित कर योजनान्तर्गत आच्छादित परिवार जिनके आयुष्मान कार्ड बन चुके है, तहसीलवार संख्यात्मक विवरण निम्नवत है :-<br>1- सफीपुर - 23774<br>2- उन्नाव - 60915<br>3- बांगरमऊ - 38352<br>4- हसनगंज - 57423<br>5- पुरवा - 42967<br>6- बीघापुर - 31213<br>योजनान्तर्गत आच्छादित परिवार जिनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाना शेष है, तहसीलवार संख्यात्मक विवरण निम्नवत है :-<br>1- सफीपुर - 12876<br>2- उन्नाव - 41717<br>3- बांगरमऊ - 17560<br>4- हसनगंज - 33929<br>5- पुरवा - 32031<br>6- बीघापुर - 12755<br>इस हेतु सरकार द्वारा निरन्तर फील्ड लेवल वर्कर, आशा, आशा संगिनी, पंचायत सहायक, जन सुविधा केन्द्र इत्यादि के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर लक्षित लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराये जाने की सतत प्रक्रिया जारी है। |

**ब्रजेश पाठक**
**उप मुख्यमंत्री।**